श्री महेश पासवान, माननीय स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न संख्या-18/3/942 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- (1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियांव विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड अगियांव अंतर्गत ग्राम जैतपुर नहर का प्रथम नाला अंकोढ़ा के पास स्थित है, किन्तु नाला का स्तर काफी नीचे होने तथा ग्राम अकोढ़ा के किसानों की भूमि अपेक्षाकृत उंचाई पर होने के कारण आज तक नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुँचा जिसके कारण हजारों एकड़ कृषि भूमि सिंचाई से वंचित है और हजारों किसानों को प्रत्येक वर्ष पटवन के अभाव में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नहर पर चॉट के माध्यम से अकोढ़ा पईन को जोड़ने, पक्कीकरण एवं उँचा कर सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि:- • जैतपुर वितरणी आरा मुख्य नहर के 57.55 कि०मी० बायें से निःसृत है, जिसकी कुल लम्बाई 21.63 कि०मी० तथा रूपांकित जलश्राव 145 घनसेक है। • प्रश्नगत नाला (आउटलेट) जैतपुर वितरणी के 0.385 कि०मी० (बायें) पर निर्मित है। इस नाला से निकलने वाली पईन के माध्यम से ग्राम अकोढ़ा में पटवन कराया जाता है। • साथ ही अकोढ़ा ग्राम में आरा मुख्य नहर के 49.50 कि०मी० बायें से निःसृत L.P.C-B के 4.90 कि०मी० पर व्यवस्थित नाला से भी ग्राम अकोढ़ा में पटवन कार्य होता है। • वर्तमान में जैतपुर वितरणी एवं उक्त नाला के पुनर्स्थापन का कार्य सात निश्चय-03 "कृषि में प्रगति प्रदेश की समृद्धि" अन्तर्गत 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के तहत प्रस्तावित है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–57 / 2026 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–57 / 2026 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–57 / 2026 5775 पटना / दिनांक :...01/10/2026

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/10/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव